## एक नजर में

### 13 फरवरी को होगा साक्षरता सप्ताह का समापन

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

**भारतीय रिजर्व बैंक के तत्वाधान के तहत वित्तीय साक्षरता केंद्र में वित्तीय साक्षरता सप्ताह एफएलडब्ल्यू 2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 09 फरवरी से 13 फरवरी तक आयोजित होगा। इस हेतु अपर कलेक्टर शिव प्रसाद मंडराह एवं डिप्टी कलेक्टर सुशील कुमार तोमर के द्वारा कलेक्टर कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर रथ रवाना किया गया।**

इस वर्ष वित्तीय साक्षरता सप्ताह की थीम केवाईसीदृसुरक्षित बैंकिंग की ओर पहला कदम रखी गई है। कार्यक्रम के अंतर्गत आम नागरिकों को ग्राहक पहचान प्रक्रिया केवाईसी, केंद्रीय केवाईसी रजिस्ट्री सी-केवाईसी, खाता स्वच्छता एवं वित्तीय अनुशासन की जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्राहकों को बैंकिंग से जुड़े धोखाधड़ी के मामलों से सतर्क करना तथा सुरक्षित और जिम्मेदार बैंकिंग को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर बैंक अधिकारियों द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा। भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधक धीरेन्द्र चौरसिया एवं सेंट्रल बैंक के मुख्य प्रबंधक हर्ष खरे ने सभी ग्राहकों से अपील की है कि वे वित्तीय साक्षरता सप्ताह में भाग लेकर सुरक्षित बैंकिंग से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त करें।

# महेन्द्र सागर तालाब पर चल रहे पुनर्निर्माण का निरीक्षण

**कलेक्टर ने निर्माण कार्य का मौके पर जाकर लिया जायजा**

**कार्य को समय-सीमा में पूर्ण करने के दिए निर्देश**

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

**धार्मिक पर्यटन के लिए टीकमगढ़ आने वाले श्रद्धालुओं के लिए महेंद्र सागर पर ओल्ड रेस्ट हाउस, मुसाफिरखाना का पुनर्निर्माण अंतिम चरण में चल रहा है। इसमे 4 कक्ष बनाए जा रहे है। इसका संचालन कैसे किया जाए इसके लिए जनप्रतिनिधियों से चर्चा की जाएगी। आप सब के सुझावों का भी स्वागत है। यह बात जिला कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने उस समय कहीं जब वह उक्त निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे थे।**

महेंद्र सागर तालाब नगर की पहचान है और बहुत अच्छी देन है। इतना सुन्दर तालाब नगर में लगा हुआ है और पूरे शहर के लोगों के लिए यह बहुत अच्छा दर्शनीय स्थान है। इसलिए इसके विकास के लिए समय-समय पर प्रयास किए गए हैं। हमने देखा है कि यहां पहले भी काफी विकास कार्य हुए हैं, लेकिन पिछले कुछ सालों से यह उपेक्षित रहा है। यह

बात बीते दिनों कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने महेन्द्र सागर तालाब के निरीक्षण के उपरांत कही थी। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने आगे कहा था कि मैंने नगर पालिका अध्यक्ष सहित पार्षदों को लेकर सामूहिक भ्रमण किया था। एक कार्य योजना भी बनाई इसके लिए जो साढ़े आठ करोड़ रुपए की है, जो अर्वन चैलेंज फंड की है। इसे मैने अर्वन को भेजा था। अब इसकी स्वीकृति आने के बाद तमाम विकास कार्य यहां शुरू हो चुके है।

नगर पालिका के द्वारा भी इसमें निर्णय लिया गया है। यहां पर जो रेलिंग का कार्य है। पुरानी रेलिंग क्षतिग्रस्त हो गई थी। घाटों के दरवाजे टूट गए थे और भी सिविल वर्क क्षतिग्रस्त हो चुका था। उसमें अब सुधार कराया जा रहा है। नगर पालिका के सीएमओ को कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने निर्देशित किया था। नगर पालिका ने यह निर्णय लिया है कि जो उनके पास टेंडर है उसमें रेलिंग सुधार, घाटों का रंगरोगन, बाउण्ड्री बाल की टूटफूट प्रतापेश्वर मंदिर के पास भी विकास का काम शुरू हो गया है। सभी के हित को देखते हुए इस कार्य को शुरू कराया गया है। नगर पालिका जल्द ही इसे पूरा कर यहां की व्यवस्थाओं में सुधार करने जा रही है। अब जल्द ही महेन्द्र सागर तालाब क्षेत्र में विकास कार्य दिखाई देगा। यहां जल्द ही काम पूर्ण हो जाएगा।

**कार्य पूर्ण होने के बाद दिखाई देगी सुन्दरता**

पहले शान-ए-पार्क बनते ही यह इलाका जगमगा उठा था। यहां हर कोई आने-जाने लगा था, लोग पार्क का तुल्फ उठाने यहां पहुंचते थे, लेकिन फिर इस ओर किसी ने कोई ध्यान नहीं दिया। फिर यहां तालकोठी से लंका तक झूला पुल बनाने की तैयारी कर ली परन्तु इस कार्य को कराने में कोई सफल नहीं हो पाया। अब कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने इस क्षेत्र को सुन्दर बनाने के लिए अपना कार्य शुरू किया है और वह मेहनत करते दिखाई दे रहे हैं। जिसके चलते कार्य प्रारंभ हो चुका है और कुछ ही दिनों में कार्य पूर्ण होने के बाद यहां सुन्दरता दिखाई देगी।

**साढ़े आठ करोड़ की लागत से हो रहा कार्य**

महेन्द्र सागर तालाब पर चल रहे विकास कार्य के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने आगे कहा है कि मैंने नगर पालिका अध्यक्ष सहित पार्षदों को लेकर सामूहिक भ्रमण किया था। एक कार्य योजना भी बनाई इसके लिए जो साढ़े आठ करोड़ रुपए की राशि खर्च होना है, वह अर्वन चैलेंज फंड की है। इसे मैने अर्वन को भेजा था। अब इसकी स्वीकृति आने के बाद तमाम विकास कार्य यहां शुरू हो चुके है। जिसका निरीक्षण कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय स्वयं मौके पर जाकर कर रहे है ताकि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की गड़वड़ी ना हो सके।

## पारिवारिक विवाद के चलते बोला हमला

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

**देहात थाना क्षेत्र की भगत नगर कॉलोनी में एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पारिवारिक विवाद के चलते युवक के चाचा, चाची और उनके दो बेटों ने उस पर लाठी और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। घटना बुधवार सुबह करीब 8 बजे की है।**

घटना में युवक के सिर में गंभीर चोट आई है, जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित रॉकी अहिरवार ने बताया कि बुधवार सुबह करीब 8 बजे वह अपनी मां ममता अहिरवार के साथ खेत पर जा रहा था। तभी घर के बाहर रोशन अहिरवार, विशाल अहिरवार, हरिश्चंद अहिरवार और मीरा अहिरवार ने उन्हें रोका। रॉकी के अनुसार, आरोपियों ने पुरानी बुराई को लेकर मां और बहन को गालियां देना शुरू कर दिया। जब उसने गालियां देने से मना किया, तो विशाल अहिरवार ने उसके सिर में कुल्हाड़ी मार दी। इसके बाद रोशन अहिरवार ने डंडे से हमला किया। बीच-बचाव करने आईं मां ममता अहिरवार को भी मीरा अहिरवार ने लाठी से मारा, जिससे उन्हें भी चोटें आईं। इसी दौरान रॉकी के पिता तस्वीर अहिरवार मौके पर पहुंचे और उन्होंने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। पीड़ित युवक की शिकायत पर देहात थाना पुलिस ने रोशन अहिरवार, हरिश्चंद अहिरवार, मीरा अहिरवार और विशाल अहिरवार के खिलाफ मारपीट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।देहात थाना क्षेत्र की भगत नगर कॉलोनी में एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। विवाद के चलते युवक के चाचा, चाची और उनके दो बेटों ने उस पर लाठी और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। घटना बुधवार की बताई जा रही है।

## युवा संवाद कार्यक्रम में केन्द्रीय बजट पर की गई चर्चा

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

**पीएम श्री पीजी कॉलेज में भारतीय जनता युवा मोर्चा भाजयुमों ने केंद्रीय बजट पर युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान भाजपा नेताओं ने बजट की बारीकियों और युवाओं के लिए भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की।**

भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत ने बजट को सर्वस्पर्शी बताते हुए कहा कि इसमें नारी सशक्तिकरण पर खास जोर दिया गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस बजट का लाभ समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचेगा। भाजयुमो जिलाध्यक्ष इंजीनियर अभय प्रताप सिंह यादव ने बजट 2026 के मुख्य बिंदुओं के बार में बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए 1 लाख नए हेल्थ प्रोफेशनल्स को जोड़ा जाएगा। युवाओं को रोबोटिक्स और ग्रीन टेक्नोलॉजी जैसी भविष्य की तकनीकों में माहिर बनाने के लिए विशेष ट्रेनिंग और संस्थान खोले जाएंगे। अब रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के मंत्र पर चलते हुए युवाओं को नौकरियों की तैयारी चल रही है।

## सुरक्षित इंटरनेट पर किया जागरुक

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**

**शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय टीकमगढ़ में सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर एनआईसी टीकमगढ़ के सहयोग से एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को इंटरनेट की सुरक्षित उपयोग प्रणाली एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई के सुरक्षित प्रयोग के प्रति जागरूक करना रहा।**

इस अवसर पर एनआईसी टीकमगढ़ के विशेषज्ञों द्वारा इंटरनेट के लाभ, संभावित साइबर खतरों तथा सुरक्षित एआई उपयोग के विषय में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। साथ ही, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष श्री दीपक कुमार खम्परिया द्वारा विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा, ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव एवं डिजिटल जागरूकता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गईं। कार्यक्रम के दौरान संस्था के प्राचार्य डॉ. आरपी शांडिल्य द्वारा एनआईसी टीकमगढ़ की विशेषज्ञ टीम का अभिवादन किया गया तथा उनके सहयोग हेतु आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## महोत्सव के चलते बुंदेली कलाकार ने दी प्रस्तुति

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**

**मातृधाम छिपरी में सात दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन चल रहा है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में मंगलवार रात बुंदेली कलाकार मुस्कान प्रजापति ने भजनों की प्रस्तुति दी। इससे पहले दोपहर में वृंदावन धाम से आईं साध्वी पीतांबरा ने श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण कराया।**

संत श्री रविशंकर महाराज रावतपुरा सरकार के सानिध्य में आयोजित इस महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भागवत कथा सुनने और सांस्कृतिक कार्यक्रम

देखने पहुंच रहे हैं।व्यासपीठ से कथावाचक पीतांबरा दीदी ने अपने प्रवचनों में कहा कि भागवत कोई साधारण ग्रंथ नहीं, बल्कि वह अमृत है जो स्वयं भगवान के श्रीमुख से निकला है। उन्होंने श्रोताओं को चुगलखोरों से दूर रहने का संदेश दिया।सायंकालीन सत्र में भजन गायिका मुस्कान प्रजापति की भक्तिमय प्रस्तुतियों ने मातृधाम छिपरी के वातावरण को शिवमय कर दिया। उनके भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूमते दिखाई दिए।

## हीरानगर में स्कूली बच्चों ने निकाली रैली

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

**लोक स्वास्थ यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री अनिल लगरखा के मार्गदर्शन में आज ग्राम हीरानगर में जल अर्पण कार्यक्रम मनाया गया। जल अर्पण कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के साथ ग्राम में रैली निकाली गयी।**

रैली के बाद ग्राम पंचायत भवन में ग्रामीणों और बच्चो के साथ जल अर्पण कार्यक्रम के तहत जल संबाद कार्यक्रम किया गया, जिसमें जल जीवन मिशन के तहत हर घर में नल जल पहुँच रहा है। जिसके महत्व के बारे मे बातचीत की गयी एवं जल बचाने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच स्वामी खंगार जनपद सदस्य बेबी नंद किशोर कुशवाहा, सहायक सचिव नरेंद्र सिंह यादव, शिक्षिका ग्रामवासी एवं बच्चे उपस्थित रहे कार्यक्रम में राकेश मिश्रा, शुभम गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## संभागायुक्त ने की संकल्प से समाधान की समीक्षा

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

**कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संभागायुक्त सागर अनिल सुचारी की अध्यक्षता में विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संभागायुक्त अनिल सुचारी ने संकल्प से समाधान अभियान, मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया एवं राजस्व प्रकरणों की गहन समीक्षा की। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे, अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह, संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, टीकमगढ़ एसडीएम श्रीमती संस्कृति मुदित लटौरिया, डिप्टी कलेक्टर एसके तोमर, तहसीलदार सतेन्द्र सिंह गुर्जर सहित संबंधित विभाग प्रमुख प्रमुख उपस्थित रहे।**

बैठक में संभागायुक्त अनिल सुचारी ने संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा करते हुए

निर्देशित किया कि अभियान अंतर्गत आवेदन स्वीकृत कर पोर्टल पर दर्ज़ कराएं एवं संतुष्टिपूर्ण निराकरण कराएं एवं निरंतर मॉनिटरिंग करते हुए अभियान में प्रगति लाएं। उन्होंने योजनावार अभियान की समीक्षा करते हुए समस्त विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि अपने विभागों में लंबित आवेदन पत्रों को पोर्टल पर दर्ज कराएं। इसके साथ ही अभियान के दौरान शिविर लगाकर चालू खसरा खतौनी की नक्ल नि:शुल्क वितरण की जाये एवं जाति प्रमाणपत्रों का निराकरण तय समय-सीमा में किया जाए। उन्होंने परिवहन विभाग एवं उच्च शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि शासकीय महाविद्यालय में अभियान चलाकर 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं को नियमानुसार ड्राइविंग लायसेंस प्रदान किए जाए।

## आबिद को मिली सदस्यता अभियान प्रभारी की जिम्मेदारी

**संगठन को सशक्त बनाने की दिशा में हो रही पहल**

**जिम्मेदारी मिलने से सदस्यता अभियान को मिलेगी गति**

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

**ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के मध्य प्रदेश संगठन को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। प्रदेश अध्यक्ष जनाब मोहसिन अली खान की सदारत में संगठन विस्तार को लेकर अहम फ़ैसले लिए गए। प्रदेश अध्यक्ष जनाब मोहसिन अली खान मध्य प्रदेश द्वारा जिला टीकमगढ़ से आबिद खान को सदस्यता अभियान प्रभारी नियुक्त किया गया।**

वहीं संगठनात्मक कार्यों को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से फ़िरोज़ मंसूरी, राशिद खान,सद्दाम राइन, शेख ज़बक,मोहम्मद इरशाद,आसिफ अली,शाकिर

अली एवं मजीद खान को सहायक सदस्यता अभियान प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि इन नियुक्तियों से टीकमगढ़ में सदस्यता अभियान को नई गति मिलेगी और का संगठनात्मक ढांचा और अधिक मज़बूत होगा। नई टीम के ज़रिये ज़मीनी स्तर पर पार्टी की विचारधारा को मजबूती से आगे बढ़ाने और आम जनता को संगठन से जोड़ने की उम्मीद जताई जा रही है। एआईएमआईएम प्रदेश नेतृत्व ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ संगठन हित में कार्य करेंगे।

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के मध्य प्रदेश संगठन को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। प्रदेश अध्यक्ष जनाब मोहसिन अली खान की सदारत में संगठन विस्तार को लेकर अहम फ़ैसले लिए गए। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि इन नियुक्तियों से टीकमगढ़ में सदस्यता अभियान को नई गति मिलेगी और का संगठनात्मक ढांचा और अधिक मज़बूत होगा।

**संगठन को प्रभावी बनाना प्रमुख उद्देश्य**

संगठन को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से फ़िरोज़ मंसूरी, राशिद खान,सद्दाम राइन, शेख ज़बक,मोहम्मद इरशाद, आसिफ अली,शाकिर अली एवं मजीद खान को सहायक सदस्यता अभियान प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**समस्या** छात्रों की पढाई पर डीजे की आवाज भारी

# बोर्ड परीक्षाओं के दौरान देर रात तक डीजे संचालित

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

**जिले में मंगलवार से 12वीं बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो चुकी हैं, वहीं कल 13फरवरी से 10वीं बोर्ड की परीक्षाएं भी प्रारंभ होंगी। प्रशासन द्वारा इन परीक्षाओं को लेकर कड़ी निगरानी और अनुशासन का दावा किया जा रहा है। परीक्षा केंद्रों पर फ्लाइंग स्क्वॉड, सीसीटीवी कैमरे, प्रश्नपत्रों की वीडियोग्राफी और समय-सीमा को लेकर सख्त निर्देश जारी किए गए हैं, लेकिन इन तमाम तैयारियों के बीच छात्र हित से जुड़ा सबसे अहम मुद्दा पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया गया है - परीक्षा के दौरान शांति गाइड लाइन मौजूद है लेकिन पालन कराने वाला कोई नहीं है। जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।**

प्रशासन द्वारा पहले ही स्पष्ट

निर्देश दिए जा चुके हैं कि बोर्ड परीक्षाओं के दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसके बावजूद मुख्यालय सहित आसपास के इलाकों में स्थिति बिलकुल उलट दिखाई दे रही है। परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों का कहना है कि हमसे समय पर पहुंचने, अनुशासन रखने और नियम मानने की अपेक्षा की जाती है, लेकिन जब शोर रोकने की बारी आती है तो प्रशासन की आंखें बंद क्यों हो जाती हैं। अभिभावकों का भी आरोप है कि परीक्षा जैसे संवेदनशील समय में प्रशासन की निष्क्रियता बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। यहां तक की इन दिनों शादी समारोहों में देर रात तक तेज डीजे , निजी आयोजनों में कान फोड़ू साउंड सिस्टम वह भी बिना अनुमति के जारी है।

वहीं दिन हो या रात लाउडस्पीकर की तेज आवाज बच्चों की पढ़ाई और मानसिक एकाग्रता को बुरी तरह प्रभावित कर रही है। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा संशोधित टाइम टेबल जारी कर हर छात्र तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए थे, ताकि किसी प्रकार का भ्रम न रहे। लेकिन सच्चाई यह है कि परीक्षा की तैयारी केवल टाइम टेबल से नहीं होती, उसके लिए शांत वातावरण, तनावमुक्त माहौल और प्रशासन की सक्रिय भूमिका भी उतनी ही जरूरी है। परीक्षा केंद्रों पर फ्लाइंग स्क्वॉड, सीसीटीवी कैमरे, प्रश्नपत्रों की वीडियोग्राफी और समय-सीमा को लेकर सख्त निर्देश जारी किए गए हैं, लेकिन इन तमाम तैयारियों के बीच छात्र हित से जुड़ा सबसे अहम मुद्दा पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया गया है परीक्षा के दौरान गाइडलाईन का पालन नहीं है।

**तनावमुक्त माहौल और प्रशासन की भूमिका जरूरी**

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा संशोधित टाइम टेबल जारी कर हर छात्र तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए थे, ताकि किसी प्रकार का भ्रम न रहे। लेकिन सच्चाई यह है कि परीक्षा की तैयारी केवल टाइम टेबल से नहीं होती, उसके लिए शांत वातावरण, तनावमुक्त माहौल और प्रशासन की सक्रिय भूमिका भी उतनी ही जरूरी है।

## मौसम ने बदला अपना मिजाज

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

**बुधवार को सुबह हल्के बादल छाए रहे, हालांकि धूप भी निकली। मंगलवार को अधिकतम तापमान 30.02 डिग्री दर्ज किया गया, जो इस मौसम में पहली बार 30 डिग्री के पार पहुंचा है। न्यूनतम तापमान 15.2 डिग्री रहा।**

सोमवार के मुकाबले मंगलवार को अधिकतम तापमान में 1.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान में 1 डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई। सोमवार को अधिकतम तापमान 28.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 14.7 डिग्री था। दिन और रात के तापमान में हुई इस वृद्धि से लोगों को ठंड से राहत मिली है।मौसम विभाग के अनुसार, अगले तीन से चार दिनों तक मौसम साफ रहने का अनुमान है। इस दौरान अधिकतम तापमान 28 से 30 डिग्री और न्यूनतम तापमान 12 से 15 डिग्री के बीच रहने की संभावना है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत वृक्षारोपण

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

**शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्रा इकाई क्रमांक-3 के द्वारा सात दिवसीय शिविर के पांचवें दिन ग्राम गणेशगंज में वृक्षारोपण कराया गया। गांव के विभिन्न स्थानों पर शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, नशा मुक्ति जागरूकता हेतु स्लोगन लिखवाये गये।**

छात्राओं द्वारा ग्राम गणेशगंज में जाकर सर्वे किया गया। बौद्धिक सत्र में हेड कांस्टेबल यातायात थाना आशीष विश्वकर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सर्वप्रथम सरस्वती मां का पूजन किया गया। तत्पश्चात बौद्धिक सत्र प्रारंभ किया गया जिसमें उन्होंने छात्राओं को यातायात नियम वे नियम हैं जो सड़कों पर चलने वाले प्रत्येक व्यक्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बनाए गए हैं। चाहे वह पैदल यात्री हो, साइकिल चालक हो या वाहन चालककृइन नियमों का पालन सभी के लिए अनिवार्य है। आज के समय में वाहनों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में यदि हम यातायात नियमों का पालन न करें, तो सड़क दुर्घटनाओं की संभावना बहुत बढ़ जाती है। हर वर्ष हजारों लोग केवल लापरवाही और नियमों की अनदेखी के कारण अपनी जान गंवा देते हैं। एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते हमें स्वयं भी यातायात नियमों का पालन करना चाहिए और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। नियमों का पालन डर के कारण नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा के लिए होना चाहिए। साथ ही साइबर सुरक्षा के बारे में भी बताया। शिविर का कुशल निर्देशन जिला संगठक व कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर मंजू कुशवाह द्वारा किया जा रहा है। छात्राओ में स्नेहा लोहिया,आस्था साहू, आकांक्षा क्रोशिया, ईशा बिरथरे,शुभी चतुर्वेदी, गायत्री लोधी, रोशनी कुशवाहा, खुशी यादव,खुशी राय, प्रियंका अहिरवार, उमा नामदेव आदि 50 छात्राएं उपस्थित रही।